Rapid Fire 21 अक्तूबर

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-21-oct

1.
    1. **दोगुनी हुई अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के लिये संचित धनराशि**

विश्व के विभिन्न देशों के वित्त मंत्रियों ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (IMF) के लिये संचित धनराशि दुगुना किये जाने पर सहमति व्यक्त की है ताकि इसका उपयोग संकटग्रस्त देशों की मदद में किया जा सके। लेकिन बड़े देशों के वित्त मंत्रियों ने उभरती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को अधिक वोट वेटेज देने से इनकार किया है।

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष चीन, भारत और ब्राज़ील जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं को अधिक महत्त्व देने के लिये अपने **वोट शेयर निर्धारण** में बदलाव का प्रयास कर रहा है।
- कुछ बड़े देशों ने इसका विरोध किया है क्योंकि इससे उन्हें संस्था में अपना प्रभाव कम होने की आशंका है।
- नए मत प्रारूप के प्रति पूर्व-प्रतिबद्धता के बावजूद इस सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के सदस्यों की वार्षिक बैठकों में इस पर सहमति नहीं बन सकी।

IMF

IMF 187 देशों का संगठन है, जो विश्व में मौद्रिक सहयोग बढ़ाने, वित्तीय स्थिरता लाने, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मदद करने, अधिक रोज़गार तथा सतत् आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने और विश्वभर में गरीबी कम करने के लिये काम करता है। भारत में IMF की मौजूदगी वर्ष 1991 से रही है। IMF का बुनियादी मिशन अंतर्राष्ट्रीय तंत्र में स्थिरता रखने में मदद करना है। IMF यह काम तीन तरीके से करता है:

1. वैश्विक अर्थव्यवस्था और सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर निगरानी रखकर; 2. भुगतान संतुलन में कठिनाई वाले देशों को ऋण देकर तथा 3, सदस्यों को व्यावहारिक सहायता देकर। भारत में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का काम, भारत सरकार, रिज़र्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के बीच सूचना के प्रवाह में मदद देने तथा रिज़र्व बैंक और राष्ट्रीय तथा राज्य सरकारों के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का है।

1. **NSG के नए डायरेक्टर जनरल**

- 1985 बैच के गुजरात कैडर के वरिष्ठ IPS अधिकारी अनूप कुमार सिंह को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) का महानिदेशक (Director General) नियुक्त किया गया है। वे इस पद पर 30 सितंबर, 2020 तक रहेंगे।
- NSG की स्थापना 1984 में आतंकवाद तथा हाइजैकिंग जैसी घटनाओं से निपटने में विशेष प्रतिक्रिया यूनिट के तौर पर हुई थी।

- इस बल के कमांडो के देशभर में पाँच केंद्र (Hubs) हैं तथा इसका मुख्यालय गुरुग्राम के मानेसर में है।
- ये कुछ हाई प्रोफाइल VVIP लोगों की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड को ब्लैक कैट कमांडो भी कहा जाता है।

NSG भारत की एक विशेष प्रतिक्रिया यूनिट है जिसका मुख्य रूप से आतंकवाद विरोधी गतिविधियों के लिये उपयोग किया जाता है। इसका गठन भारतीय संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अधिनियम के तहत कैबिनेट सचिवालय द्वारा 1986 में किया गया था। यह पूरी तरह से केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के ढाँचे के भीतर काम करता है। NSG में भर्ती भारत के केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों और भारतीय सशस्त्र बलों से की जाती है।

1. **नासा ने रचा नया इतिहास**

- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की 2 महिला अंतरिक्ष यात्रियों ने 18 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के बाहर पहली बार पुरुष सहयोगियों के बिना **स्पेसवॉक** की।
- गौरतलब है कि इससे पहले जिन 15 महिलाओं ने अंतरिक्ष में चहलकदमी की है, उनके साथ एक पुरुष साथी भी रहा है इसलिये **क्रिस्टिना कोच** (Christina Koch) और **जेसिका मीर** (Jessica Ulrika Meir) ने इस बार अंतरिक्ष केंद्र से बाहर निकलकर इतिहास रच दिया। कोच का यह चौथा, जबकि मीर का पहला स्पेसवॉक था।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन
(International Space Station- ISS)

- इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (International Space Station- ISS) कार्यक्रम सबसे बड़ी मानवीय उपलब्धि है।
- इसे 1998 में शुरू किया गया।
- इसके गठन के दौरान इसमें मुख्य रूप से यू.एस., रूस, कनाडा, जापान और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के भाग लेने वाले देश शामिल थे।
- इसके तहत कार्यक्रम के कई संगठनों की विभिन्न गतिविधियों की योजना, समन्वय और निगरानी की जाती है।